# ISWK SHARING KNOWLEDGE

## Class - IX

## Subject- Hindi

## Topic-

# नारा लेखन {उद्घोष लेखन}

©ISWK

सी.बी.एस.ई. पाठ्यक्रम, कक्षा 9, हिंदी कोर्स - बी

# नारा लेखन
# (उद्घोष लेखन)

# नारा लेखन के लिए आवश्यक तत्व

1 नारा लेखन के लिए संदर्भ को समझना आवश्यक है।

2 नारा छोटा व संक्षिप्त होना चाहिए । विषय से संबंधित होना चाहिए ।

3 कलात्मक प्रस्तुति होनी चाहिए । संबंधित चित्र का प्रयोग भी करना चाहिए ।

4 कम से कम दो पंक्तियों में होना चाहिए ।

5 पंक्तियाँ लयात्मक होनी चाहिए ।


अजब गजब
जानकारी.Com
धरती बचाओ, जीवन बचाओ,
जीवन खुशहाल बनाओ।

"धरती, पानी, हवा रखो साफ़,
वरना आने वाली पीढ़ी
नहीं करेगी माफ़"





रक्तदान है प्राणी पूजा

इसके जैसा न दान दूजा

एक ही संकल्प हमारा,
प्लास्टिक हटाना लक्ष्य
हमारा।







# बेटी

है हमारा धन
क्यों न उसको
स्वीकारे मन


SlogansINHindi.com


"हम सब ने अब
यह ठाना है,
भारत स्वच्छ
बनाना है।"
ज्ञानी पण्डित




गन्दगी से बढ़े
बीमारी,
स्वच्छता की
करो तैयारी।

© HindiKiDuniya.com


सुरक्षा में हीरो
दुर्घटनाओं का संख्या में ज़ीरो


याद रखें
सुरक्षा नियम
जो करे सफल ,
जीवन कभी न हो
उसका विफल।


"स्वास्थ्य है जीवन का सार,
इसके बिना है सब बेकार।"


विकास और विज्ञान
की यह कैसी हवा आई ,
खुद के हाथों से हमने
खुद की चिता सजाई।


शिक्षा जीवन का
आधार है,
इसके बिना जीना
बेकार है।

# नारा लेखन ऑनलाइन शिक्षण योजना



# नारा लेखन – अर्थ व परिभाषा

- हिंदी अर्थ – उद्घोष, आह्वान, नीति वचन, प्रचार वाक्य आदि।
- संस्कृत अर्थ – आघोष, समाघोष आदि।
- अंग्रेज़ी अर्थ - Slogan
- इस तरह स्पष्ट है कि नारा एक ज़ोर का शब्द, तेज़ आवाज़, बुलंद की जानेवाली एकल या सामूहिक आवाज़ है। जैसेः जयहिंद, वंदेमातरम्, इंकलाब ज़िंदाबाद, मास्क लगाओ जान बचाओ आदि।

# नारा लेखन - मुख्य बातें


- नारा लेखन एक रचनात्मक (सृजनात्मक) अभिव्यक्ति है। सृजनात्मकता बालक का उच्चतम कौशल है। छात्रों में इसे सुंदर ढंग से सृजन करने की योग्यता का विकास करना चाहिए।
- नारा लेखन 20-30 शब्दों में लय, तुक के साथ हो।
- देशभक्ति, शिक्षा का महत्व, बाल सुरक्षा, शिक्षा का अधिकार, बालिका संरक्षण, बालिका शिक्षा, जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण, वन संरक्षण, प्रकृति संरक्षण, बाल विवाह, रक्तदान, अन्नदान, सामाजिक बुराइयों का विरोध, कुरीतियों का विरोध, अंधविश्वासों का विरोध, यातायात, जनसंख्या नियंत्रण, संक्रामक रोगों की रोकथाम, स्वच्छता अभियान आदि अंशों पर नारा लेखन पूछा जा सकता है।

# नारा लेखन MODEL QUESTIONS


- जल संरक्षण संबंधी एक नारा लिखिए।
- बालिका-शिक्षा महत्व पर नारा बनाइए।
- जनसंख्या नियंत्रण पर सटीक नारा बनाइए।
- यातायात नियमों की जागरूकता पर नारा लिखिए।
- कोरोना की रोकथाम के लिए नारे की रचना कीजिए।

# ANSWER

- जल संरक्षण संबंधी एक नारा लिखिए।



# ANSWER AND MARKS DISTRIBUTION




## 2 + 1 + 1 + 1 = 5 MARKS

# नारा लेखन (SLOGAN WRITING) – 5 अंक

- शब्दों का उपयुक्त चयन एवं आपसी तालमेल - 2 अंक
- विषय से संबद्धता – 1 अंक
- आकर्षण एवं मौलिकता - 1 अंक
- रचनात्मकता - 1 अंक

# नारा लेखन के अन्य उदाहरण



# नारा लेखन के अन्य उदाहरण



# नारा लेखन के अन्य उदाहरण



मत करो इतनी
मस्ती, ज़िंदगी
नहीं है सस्ती

# नारा लेखन के अन्य उदाहरण



**हेलमेट लगाओ, जान बचाओ**

# नारा लेखन का संक्षिप्त इतिहास

- नारा लेखन सबसे पहली बार स्काटिश उसके बाद आइरिश और अंत में अंग्रेज़ी में आया।
- हिंदी में नारा लेखन विधा का प्रवेश अंग्रेज़ी के प्रभाव से हुआ है।
- *स्काटिश तथा आयरिश भाषाओं में नारा के लिए sluagh-ghairm का उपयोग हुआ है। जिसका अर्थ है सैनिकों का रोना। अँग्रेज़ी में यही आगे जाकर Slogan बना, जिसका अर्थ है – नारा।*

# धन्यवाद

स्वस्थ रहें! सुरक्षित रहें!

घर में रहें !!!